दिनांकः 19.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।
- वायु सेना का सूर्यकिरण और सारंग एरोबेटिक शो कल और 22 फरवरी को जयपुर के जलमहल की पाल पर आयोजित किया जाएगा।
- प्रदेश में मौसम में आये बदलाव से तापमान गिरा– कई स्थानों पर बारिश, कहीं–कहीं ओलावृष्टि।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। उद्‌घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटरेस और दुनिया भर के कई शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगे। उद्‌घाटन समारोह के बाद ये नेताएआई इम्पैक्ट एक्सपो का अवलोकन करेंगे। इस बीच समिट में राजस्थान ए.आई पवेलियन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पवेलियन में राज्य की डेटा–संचालित प्रशासनिक संरचना और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित गवर्नेंस मॉडल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है। लगभग 20 स्टॉल्स के माध्यम से प्रदेश में टेक्नोलॉजी के माध्यम से हो रहे नवाचारों को दर्शाया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कल पवेलियन का दौरा किया और विभिन्न बैठकें कर हितधारकों के साथ विचार–विमर्श किया। साथ ही उन्होंने पवेलियन में स्टार्टअप संचालकों और युवाओं से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

.............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कायड विश्राम स्थली पर होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां आपसी समन्वय के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोम, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, चिकित्सा, साफ–सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सहित जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लिया।

श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री की इस यात्रा से 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस

महानिदेशक राजीव शर्मा ने सभास्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री की इस यात्रा की पूरी जानकारी दी जाएगी।

...............

विधानसभा में आज विधायक लक्ष्मण राम अजमेर की अनाहसागर झील के सम्पूर्ण विकास के लिए बजट आवंटन के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पेश करेंगे। वहीं विधायक डूंगरराम गेदर सूरतगढ में भूमि आवंटन की मूल पत्रावलियों और नक्शों के गायब होने से किसानों को आ रही समस्याओं के समाधान के संबंध में सरकार का ध्यानाकर्षण करेंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कई वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत करेगी। वे राजस्थान विनियोग विधेयक 2026 को विचार करने और पारित होने के लिए पेश करेगी। इसके अलावा आज युवा मामले और खेल विभाग तथा उद्योग विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा की जाएगी और मतदान होगा। इससे पहले कल सदन में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की 158 अरब 55 करोड़ से अधिक की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित की गई। साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग की 61 अरब 30 करोड़ रूपये से ज्यादा की अनुदान मांगें भी पारित की गई। विभाग की अनुदाना मांगों पर हुई बहस का जवाब देते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष के समय में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए बजट, इन्फ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन में बढोतरी हुई है।

.......................

बीकानेर में लगाये गये मिलेट्स मेले में विभिन्न प्रकार के मोटा अनाज से बने व्यंजन प्रदर्शित किये जा रहे हैं। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कल मेले का अवलोकन किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार श्रीअन्न और स्थानीय अनाजों के संवर्द्धन तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आत्मनिर्भर कृषि और पोषण सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी।

................

श्री मेघवाल ने कल ही बीकानेर के सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में कैंसर की जांच के लिए बनाई गई डाईग्नोस्टिक लैब का शुभारंभ किया। इस प्रयोगशाला को डिपार्टमेंट ऑफ हैल्थ रिसर्च तथा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सहयोग से बनाया गया है।

.......................

वायु सेना का सूर्यकिरण और सारंग एरोबेटिक शो कल और 22 फरवरी को जयपुर के जलमहल की पाल पर आयोजित किया जाएगा। इस शो में सूर्यकिरण डिसप्ले टीम के विमान और सारंग डिस्पले टीम के हेलिकॉप्टर्स हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल शो की तैयारियों के संबंध वायु सेना अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में बैठक की। अधिकारियों ने जानकारी दी कि दोनों दिन होने वाले एरोबेटिक शो में ट्राई कलर स्मोक का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इन रोमांचकारी हवाई प्रदर्शनों से आम जनता को रूबरू कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। लगभग 50 हजार दर्शक क्षमता के

लिए जल महल की पाल पर व्यवस्था की गई है। शो के सिलसिले में आज जयपुर में गृह विभाग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेस रखी गई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेस में इस रोमांचकारी आयोजन को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की जाएगी।

....................

आज से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। कल शाम चांद दिखने के साथ ही इसकी घोषणा हुई। आज इस पवित्र महीने का पहला रोजा है। रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवाँ महीना है और रोजे के इस महीने के अंत में ईद–उल–फितर मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय में उत्साह का माहौल है। हमारे जालौर संवाददाता ने बताया कि मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ अदा की गई और इबादत का सिलसिला शुरू हुआ।

.................

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में आशा व्यक्त की कि यह शुभ महीना समाज में एकता की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कामना की कि सभी जगह शांति और समृद्धि बनी रहे।

.................

प्रदेश में मौसम में आये बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 6 डिग्री तक की गिरावट हुई है। इससे दिन का तापमान 20 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया। 32 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ फलोदी और बाड़मेर सबसे गर्म रहे। इस बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई।

झुन्झुनू के पिलानी और चिडावा में और राजसमंद के कुंवारिया में ओले भी गिरे। आज भी पश्चिमी विक्षोभ के असर से कहीं–कहीं बादल छाये हुए हैं। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि ठण्डी हवाएं चलने से एक बार फिर सर्दी का असर बढ़ गया है।

.................

मौसम विभाग ने आज राज्य के ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। हालांकि पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं आंशिक बादल छाये रहेगें। उधर बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से कटाई के बाद खेतों में रखी हुई रबी की फसल खराब होने की आशंका है। इसके मद्दे नजर राज्य सरकार ने फसल खराबा होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत नुकसान की भरपाई करने का फैसला किया है। इसके लिए प्रभावित बीमित फसल के काश्तकार को 72 घण्टे के भीतर खराबे की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1 4 4 4 7 पर दे सकेते हैं।

.......................